**प्रेस विज्ञप्ति**

## प्रतिवर्ती नीलामी द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों की पुन: खरीद की घोषणा

भारत सरकार ने 3,500 करोड़ रुपए (अंकित मूल्य) की कुल राशि के लिए प्रतिवर्ती नीलामी द्वारा अपनी प्रतिभूतियों की पुन: खरीद की घोषणा की है। पुन: खरीद का प्रतिभूतिवार ब्यौरा नीचे दिया गया है:

| **क्र.सं.** | **नाम** | **परिपक्वता की तारीख** |
|---|---|---|
| 1. | 7.49 प्रतिशत सरकारी स्टॉक 2017(परिवर्तित) | 16 अप्रैल, 2017 |
| 2. | 8.07 प्रतिशत सरकारी स्टॉक 2017(जुलाई) | 03 जुलाई, 2017 |
| 3. | 7.99 प्रतिशत सरकारी स्टॉक 2017 | 09 जुलाई, 2017 |
| 4. | 7.46 प्रतिशत सरकारी स्टॉक 2017 | 28 अगस्त, 2017 |

भारत सरकार द्वारा पुन: खरीद चालू अधिशेष नकद शेष का उपयोग करके सरकारी स्टॉक के परिपक्वकता की अवधि से पूर्व मोचन के लिए की जाएगी। उपर्युक्त सरकारी स्टॉक की पुन: खरीद पूर्णतया तदर्थ प्रकृति की है।

प्रतिभूतियों की लिए नीलामी मूल्य आधारित नीलामी प्रपत्र में होगी। नीलामी का आयोजन बहुमूल्य प्राविधि का उपयोग करके किया जाएगा। नीलामी के लिए बोलियां 17 मार्च 2017 (**शुक्रवार**) को 10:30 पूर्वाह्न और 12:00 दोपहर के बीच भारतीय रिजर्व बैंक के कोर बैंकिंग सोल्यूशन (ई-कुबेर) प्रणाली में इलेक्ट्रॉनिक प्रपत्र में प्रस्तुत की जाएं। नीलामी के परिणाम की घोषणा उसी दिन कर दी जाएगी।

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग
बजट प्रभाग
नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली-110001
**दिनांक: 15** मार्च 2017